





## एक नजर में

### ओरछा में हेलीकॉप्टर सेवा होगी शुरू

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पीएम श्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा के तहत मध्य प्रदेश में पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल पर 54 शहरों और पर्यटन स्थलों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई मंत्री परिषद की बैठक में इसे मंजूरी प्रदान की गई है।**

विगत दिनों भाजपा नेता विकास यादव की मांग पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने श्री रामराजा सरकार की नगरी ओरछा में पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखा था।


मंगलवार को आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में इसे मंजूरी मिल गई है, इसमें सभी हवाई अड्डोंए हेलीपैड एवं हवाई पट्टियों के बीच निजी ऑपरेटर द्वारा चुने गए स्थलों पर उक्त सेवा शुरू होगी। निजी ऑपरेटर प्रति सेक्टर में सिंगल या डबल इंजन वाले न्यूनतम 6 सीटर हेलीकॉप्टर का संचालन करेंगे।

# मंत्री एवं भाजपा विधायक कार्यपालन अभियंता से खफा

**शिकायत के बाद कार्यपालन अभियंता को नोटिस जारी**

**7 दिन के अंदर महाप्रबंधक ने मांगा जवाब**





गोपनीय

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड
ब्लाक नंबर 07, शक्तिभवन, रामपुर, जबलपुर
CIN:U40109MP2002 SGC015120
दूरभाष 00761-2661219, 2702020, फैक्स नं0 0761-2660128 वेबसाइट www.mpez.co.in

क्रमांक-प्रस/पू.क्षे./मुमप्र(मा.संसा.एवंप्रशा.)/जांच/ 4921 जबलपुर, दिनांक 16/9/25

**कारण बताओं सूचना पत्र**

प्रति,
श्री रविन्द्र कुमार पटेल (कर्मचारी संख्या-95973184)
कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.,
जतारा।

विषय:- अधिनस्थ कार्मिकों को अनावश्यक रूप से परेशान किये जाने के संबंध में।

-****-

आप संचालन एवं संधारण संभाग, जतारा अंतर्गत दिनांक 14.09.2024 से जतारा संभाग में कार्यपालन अभियंता के महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ हैं। उक्त पदस्थापना दौरान अधिनस्थ कार्मिकों के साथ समनवय बनाते हुए उनकी समस्याओं को सुनना तथा उनका निराकरण करना आपका नैतिक दायित्व है।

माननीय केन्द्रीय मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, नई दिल्ली द्वारा आपके विरूद्ध प्राप्त विभिन्न शिकायतों से यह संज्ञान में लाया गया है कि आपके संभागान्तर्गत कार्यरत विभिन्न कार्मिक आपकी कार्यप्रणाली से असंतुष्ट हैं क्योंकि आपके द्वारा बगैर वितरण केन्द्र प्रभारी/कनिष्ठ अभियंता/सहायक अभियंता के प्रस्ताव के कार्मिकों का स्थानांतरण, अनुपस्थित करना एवं प्रमुख रूप से बाह्यस्त्रोत कार्मिकों को कार्य से पृथक करना आदि कार्यवाहियां की जा रहीं हैं। आपके द्वारा बाह्यस्त्रोत कार्मिकों एवं विभिन्न कर्मचारियों को मानसिक तौर पर प्रताड़ित किये जाने के आरोप भी लगाये गये हैं।

माननीय विधायक जतारा विधानसभा क्षेत्र द्वारा भी उपरोक्तानुसार उल्लेखित शिकायतों से प्रबंध संचालक महोदय पूर्व क्षेत्र को अवगत कराया गया। इस संदर्भ में अन्य स्त्रोतों से भी शिकायतें अधीक्षण अभियंता (संचा/संधा) टीकमगढ़ को प्राप्त हुई हैं कि आपके द्वारा विभिन्न बाह्य स्त्रोत कार्मिकों को ब्लैक लिस्ट किये जाने, उनका स्थानांतरण दूर-दराज किये जाने, नौकरी से निकाल दिये जाने, उन्हें अनाधिकृततौर पर अनुपस्थित दर्शाये जाने का अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। आपके उक्त कृत्यों के कारण न केवल कार्मिको को अनावश्यक परेशानी एवं मानसिक दबाव सहना पड़ रहा बल्कि कंपनी की छवि पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

इस प्रकार आपके द्वारा आपके अधिनस्थ पदस्थ कार्मिकों की समस्याओं का निराकरण न कर एवं उन पर अनावश्यक दबाव बनाकर अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरती गयी। क्यों न इसे म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के नियम- का उल्लंघन मानते हुए आपके विरूद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम-1966 के तहत आपकी आगामी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से अवरूद्ध किये जाने की लघुशास्ति अधिरोपित की जावे।



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। विद्युत विभाग के एक कार्यपालन अभियंता से मोदी कैबिनेट के मंत्री वीरेन्द्र कुमार एवं भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक खफा हो गए हैं। इन्होंने कार्यपालन अभियंता की लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए मुख्य महाप्रबंधक जबलपुर ने अब कार्यपालन अभियंता को नोटिस जारी कर सात दिवस के अंदर जबाव मांगा है। यह कार्यपालन अभियंता जतारा क्षेत्र में पदस्थ हैं।**

दरअसल मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक जबलपुर सम्पदा सर्राफ का एक पत्र सामने आया है। यह पत्र जतारा क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता रविन्द्र कुमार पटेल के नाम जारी किया गया है। इस पत्र में उन पर लगे आरोपों का हवाला देकर उनसे सात दिवस के अंदर जबाव मांगा गया है। इतना ही नहीं उन्हें चेतावनी भी दी गई है कि क्यों न उनकी लापरवाही के कारण वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से अवरुद्ध किए जाने की लघुशास्ति अधिरोपित की जाये।

जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि आप संचालन एवं संधारण संभाग जतारा अंतर्गत 14 सितम्बर 2024 से जतारा संभाग में कार्यपालन अभियंता के महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ हैं। उक्त पद स्थापना के दौरान अधिनस्थ कार्मिकों के साथ समन्वय बनाते हुए उनकी समस्याओं को सुनना तथा उनका निराकरण करना आपका नैतिक दायित्व है।

केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग नई दिल्ली द्वारा आपके विरुद्ध प्राप्त शिकायतों से यह संज्ञान में लाया गया है कि आपके संभाग अंतर्गत कार्यरत विभिन्न कार्मिक आपकी कार्यप्रणाली से असंतुष्ट हैं। क्योंकि आपके द्वारा बगैर वितरण केन्द्र प्रभारी/कनिष्ठ अभियंता/सहायक अभियंता के प्रस्ताव के कार्मिकों का स्थानांतरण, अनुपस्थित करना एवं प्रमुख रूप से बाह्यस्त्रोत कार्मिकों को कार्य से पृथक करना आदि कार्यवाहियां की जा रही हैं। आपके बाह्यस्त्रोत कर्म कार्मिकों एवं विभिन्न कर्मचारियों को मानसिक तौर पर प्रताड़ित किए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

जतारा विधानसभा के विधायक द्वारा उल्लेखित शिकायतों स्र प्रबंध संचालक पूर्व क्षेत्र को अवगत कराया गया। इस संदर्भ में अन्य स्त्रोतों से भी शिकायतें अधीक्षण अभियंता टीकमगढ़ को प्राप्त हुई हैं कि आपके द्वारा विभिन्न बाह्यस्त्रोत कार्मिकों को ब्लैकलिस्ट किए जाने, उनका स्थानांतरण दूर-दराज किए जाने, नौकरी से निकाल दिए जाने उन्हें अनाधिकृत तौर पर अनुपस्थित दर्शाए जाने का अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। उक्त कृत्यों के कारण न केवल कर्मिकों को अनावश्यक परेशानी एवं मानसिक दबाव सहना पड़ रहा है, बल्कि कंपनी की छवि पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए आपको नोटिस जारी कर जबाव चाहा गया है, 7 दिन के अंदर जबाव देना होगा।

**जवाब नहीं देने पर होगी एक पक्षीय कार्यवाही**

जारी पत्र में कहा गया है कि आपके द्वारा आपके अधिन्स्थ पदस्थ कार्मिकों की समस्याओं का निराकरण न कर एवं उन पर अनावश्यक दबाव बनाकर अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरती गई है। क्यों न इसे मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम/1965 के नियम का उल्लंघन मानते हुए आपके विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत आपकी आगामी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से अवरुद्ध किए जाने की लघुशास्ति अधिरोपित की जावे। अंत में कहा गया है कि इस कारण सूचना पत्र की प्राप्ति के 7 दिवस के अंदर अपना प्रत्युत्तर प्रस्तुत करें, नियत समय सीमा में जबाव नहीं देने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

## बिना अनुमति फार्म हाउस में बनाई रील




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। महेंद्र सागर तालाब स्थित एक निजी फार्म हाउस में रील बनाने का एक मामला सामने आया है। मंगलवार सुबह 8रू15 बजे एक लड़की और चार लड़के स्कॉर्पियो से फार्म हाउस पहुंचे। वे बिना अनुमति के फार्म हाउस में घुस गए।**

फार्म हाउस के मालिक महेंद्र उपाध्याय के अनुसार युवाओं ने चौकीदार की चेतावनी को नजरअंदाज किया। उन्होंने फार्म हाउस के मकान में कई स्थानों पर रील बनाई। इतना ही नहीं मंदिर में चप्पल पहनकर भी रील शूट की। युवा करीब आधे घंटे तक फार्म हाउस में रहे और 8.45 बजे वहां से चले गए।

सीसीटीवी फुटेज में एक लड़की सहित चार लड़कों को साफतौर पर देखा जा सकता है। फार्म हाउस के मालिक ने इस घटना की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर आपत्ति जताई है। अभी तक इन युवाओं की पहचान और उनके आने के स्थान की जानकारी नहीं मिल पाई है। टीकमगढ़ में यह पहला मामला नहीं है। रेलवे स्टेशनए बस स्टैंड, तालाब और पहाड़ियों जैसे सुनसान इलाकों में युवाओं को अक्सर रील बनाते देखा जाता है। इतना ही नहीं कुण्डेश्वर की नदी में भी नए-नए युवा रील बनाने के चक्कर में अपनी जान जोखिम डालते हुए दिखाई देते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस ओर ध्यान देकर रील प्रथा पर पाबंदी लगाई जाए।

## भैरव बाबा मोहल्ले में गरुड़ पर विराजीं देवी मां



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। शहर में दुर्गा पंडालों की स्थापना की गई है। भक्ति गीतों से पूरा नगर गुंजायमान है। भैरव बाबा मोहल्ले में गरुड़ पर देवी मां की प्रतिमा स्थापित की गई है।**

आयोजन समिति के सदस्य मधुर अग्निहोत्री के अनुसार यहां 60 वर्षों से देवी प्रतिमा स्थापना की परंपरा चल रही है। नौ दिनों में 81 कन्याओं का पूजन किया जाएगा। प्रतिदिन भंडारे का आयोजन भी होगा।

नायकों का मोहल्ला में बांके बिहारी भक्त मंडल ने आकर्षक सज्जा की है। आयोजन समिति सदस्य अजय सिंह गौर ने बताया कि 45 वर्षों से यहां देवी प्रतिमा स्थापना की परंपरा जारी है। शाम की आरती के समय आतिशबाजी होती है। दशहरे पर गांधी चौराहे पर विशेष आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया है।

सिविल लाइन रोड स्थित निजी गार्डन में 15 दिनों से गरबा की रिहर्सल चल रही है। आयोजक नीतू द्विवेदी के मुताबिक आज फाइनल रिहर्सल होगी। 26 एवं 27 और 28 तारीख को बैकुंठी के पास गरबा महोत्सव होगा। प्रशासन ने इस बार रिसॉर्ट और निजी गार्डन में गरबा कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी है।

## विभिन्न स्थानों पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में मंगलवार को किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टॉप सेंटर, श्रेया बाल गृह, जिला जेल टीकमगढ़ आदि स्थानों पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।**

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ श्रीमती सुनीता गोयल द्वारा जिला जेल टीकमगढ़ जतारा में निरीक्षण सहित विधिक साक्षरता शिविर किया गया, जिसमें खाने-पीने की सामग्री, साफ-सफाई, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई एवं जेल में निरूद्ध बंदीयों को उनके अधिकारों की जानकारी दी।

कार्यक्रमों में श्रीमती सुनीता गोयल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को उनके अधिकार, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना, नि:शुल्क विधिक सहायता, जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। श्रीमती गोयल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को कानून की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रह सकें और जरूरतमंदों को भी न्याय मिल सके। शिविरों में जेल के प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सुनवाहा में स्थापित होगी वामन भगवान की प्रतिमा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर सुनवाहा गांव में जिले की पहली वामन भगवान की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। मंगलवार को शाम 4 बजे गांव में कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाए और लोग हाथों में धर्म ध्वज लेकर चले।**

धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान विनोद कुमार बिदुआ के अनुसारए गांव के प्राचीन चामुंडा देवी मंदिर के पास सात दिवसीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। राजेंद्र प्रसाद शास्त्री महाराज श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। पीतल से निर्मित ढाई फीट ऊंची वामन भगवान की प्रतिमा का सात दिनों तक अन्नए फलए मिठाई सहित विभिन्न पदार्थों में वास कराया जाएगा। अंतिम दिन हजार स्नान के बाद विधि.विधान से प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

1 अक्टूबर को समारोह के समापन पर कन्या पूजनए कथा की पूर्णाहुति और यज्ञ अनुष्ठान होगा। वामन भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के साथ भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए और पूरे गांव की परिक्रमा के बाद कथा स्थल पर इसका समापन हुआ।

## अस्पताल में दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में स्वछता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत अस्पताल में मरीजों के परिजनों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। साथ ही स्टाफ ने भी शपथ ली कि अस्पताल का वातावरण स्वच्छ रखेगें।**

सफाई व्यवस्था में सभी के अपेक्षित सहयोग से ही अस्पताल को साफ रखा जा सकता है। मरीजो एवं उनके परिजनों को शपथ के दौरान बताया गया कि वह कचरे को कूड़ेदान में ही डाले इधर उधर न फेके, साथ ही गुटखा खाना अस्पताल में प्रतिबंधित है परंतु अस्पताल में गुटखा थूकने से सबसे ज्यादा गन्दगी होती है। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ शालू जौहरी, डॉ डी एस भदौरिया, मैटर्निटी प्रभारी सरोज, कंचन तिवारी, रागिनी पाठक, भारती सिंगरौली, नीतू साहू, सद्दाम खान, निर्वेश, अन्य सफाई सटाफ उपस्थित रहे।

## बच्चों के लिए जरूरी है एलबेंडाजोल गोली : माहौर




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 टीकमगढ़ में छात्र-छात्राओं को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया गया। यह दिवस का कार्यक्रम कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में संपन्न हुआ।**

इस दौरान सीएमएचओ डॉ माहौर ने कहा कि यह दवा हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, यदि हमारे पेट में कृमि हो जाये तो वह बच्चों के ग्रोथ को प्रभावित करते हैं। हमारे बच्चो के खून में हिमोग्लोबिन की कमी हो जाती है और बच्चे एनिमिक हो जाते हैं। बच्चों को कमजोरी एवं थकान महसूस होने लगती है। उनका खेलने-पढ़ने में मन नहीं लगता वह बीमार रहने लगते हैं। इसलिए हमारे स्वास्थ्य के लिए इस दवा का सेवन करना आवश्यक हो जाता है। यह दवा पूर्णत: सुरक्षित है। फिर भी अपवाद स्वरूप हजारों लाखों में से किसी एक को चक्कर आना, पेट दर्द, जी मिचलाना आदि समस्या हो सकती तो चिंता न करें, आप ओआरएस पैकेट का उपयोग करें, समस्या कुछ समय में स्वतरूठीक हो जायेगी यदि फिर भी आपको कोई दिक्कत है तो आप चिकित्सीय परामर्श लें सकते हैं। तत्पश्चात डॉ माहौर ने बच्चों को प्रेरित करने और उनकी शंकाओं का समाधान करने के लिए सर्वप्रथम एलबेंडाजोल की गोली का सभी के समक्ष सेवन कर बच्चों को उदाहरण प्रस्तुत किया।

डीआईओ डॉ केएम वरूण ने बताया कि टीकमगढ़ जिले में 1 बर्ष से 19 बर्ष तक एवं 19 बर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को एलबेंडाजोल की गोली खिलाई जानी है। 23 सितम्बर को स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से एक साथ दवा खिलाई जायेगी।

## पर्वों के चलते पुलिस ने निकाला शहर में फ्लैग मार्च

**त्योहारों को देखते हुए तैयार हुआ पुलिस प्रशासन**

**शहर के विभिन्न स्थानों पर निकलीं पुलिस की टुकड़ियां**




**नवभारत,न्यूज पलेरा। आने वाले दिनों में होने वाले पर्वों को देखते हुए आज टीकमगढ़ पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों से फ्लैग मार्च निकालकर अपना शक्ति प्रदर्शन किया।**

पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन पर आने वाले पर्वों के चलते जिले के तमाम थाना एवं चौकियां की पुलिस पूरी तरह मुस्तैद की जा रही है। पर्वों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन अपनी तैयारी में जुट गया है। नौ दिन तक चलने वाले नवरात्रि के पर्व के बाद दशहरा एवं ग्याहरवीं शरीफ, दीपावली को देखते हुए पुलिस बल ईलाकों में तैनात किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा है कि हर एक व्यक्ति पर पुलिस की नजर है। इसके साथ उन्होंने कहा कि शोसल मीडिया से फैलने वाली अफवाहों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी तरह की कोई भी भड़काऊ टिप्पणी करने वाले के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर जेल भेजने की तैयारी कीा जा चुकी है।

इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि शहर में विराजमान माताओं के पंडलों पर भी पुलिस तैनात किया गया है जिससे माताओं के दर्शन करने वालों को कोई परेशानी न हो। इस दौरान देखा जाता है कि महिलाएं अधिक संख्या में बाजारों में रहती हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए अलग से पुलिस को निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा है कि सभी समाज के पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हमारी पूरी पुलिस तैयार है उसी को देखते हुए फ्लैग मार्च निकाले जा रहे हैं।

इतना ही नहीं साईबर पुलिस की टीमें भी गठित की गई हैं जो साईबर क्राइम करने वालों पर नजर बनाकर रखे हुए हैं। पुलिस कप्तान ने शहर वासियों से अपील है कि हम सभी को मिलकर सभी धर्मों के पर्व मनाना है। उन्होंने कहा है कि कोई भी इन पर्वों को खराब करने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस इसके लिए पूरी तरह तैयार है।

**निरीक्षण** अधिकारी के निरीक्षण ने खोली शिक्षा व्यवस्था की पोल

# कोटरा खैरा के शासकीय स्कूल में पहुंचे सीईओ हालात देखकर हुए नाराज




**नवभारत न्यूज पलेरा। शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार भले ही दावे कर ले कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो रहा है, परन्तु टीकमगढ़ जिले के कई गांव ऐसे हैं जहां शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते शिक्षा व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। ऐसी ही तस्वीर ग्राम कोटरा खैरा गांव में उस समय देखने को मिली जब अचानक जनपद पंचायत सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा यहां पहुंच गए।**

शासकीय स्कूलों में शिक्षक आ रहे हैं या नहीं इसकी हकीकत का जायजा लेने के लिए पलेरा जनपद पंचायत के सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने बुधवार के दिन ग्राम पंचायत बूदौर अंतर्गत आने वाले गांव कोटरा खैरा के स्कूल का जायजा लिया। वह करीब 12 बजे के लगभग स्कूल में पहुंचे तो वहां उन्होंने देखा कि विद्यालय में एक भी छात्र उपस्थित नहीं है। शासकीय प्राथमिक शाला कोटरा खैरा में महज एक शिक्षक की उपस्थिति एवं सभी छात्र एवं छात्राओं की अनुपस्थिति को लेकर सीईओ ने नाराजगी जताई। सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने जब स्कूल में विद्यार्थियों के उपस्थित न होने का कारण पूछा तो शिक्षक के पास कोई जवाब नही था। बताया गया है कि इस पूरे मामले को लेकर नोटिस जारी किए गए हैं।

दरअसल पलेरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय स्कूल बदहाल हैं। स्कूलों में पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं पहुंच रहे हैं। उपस्थिति रजिस्टर खाली रखे गए, जिसे बाद में भरा जा सके। ग्रामीण अंचलों में स्कूलों का हाल ज्यादा खराब है। यहां पर शिक्षक नियमित नहीं आ रहे। अधिकतर शिक्षक नगर एवं शहर में निवास करते हैं। शहर से गांव में जाने वाले शिक्षक नियमित स्कूल में नहीं पहुंचते हैं। स्कूल में बच्चे आते हैं, लेकिन शिक्षक के नहीं आने से छात्र वापस लौट जाते हैं। यही हाल ग्रामीण क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ियों का भी बना हुआ है। बीते दिनों ग्राम पंचायत रतवास में पहुंचे सीईओ को आंगनबाड़ी केंद्र में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं मिला था। जनपद पंचायत के सीईओ के निरीक्षण ने महिला बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग की पोल खोलकर रख दी है। टीकमगढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी हनुमत सिंह चौहान बड़े-बड़े दावे करते हैं कि उनकी शिक्षा व्यवस्था बेहतर है, परन्तु सीईओ के निरीक्षण ने इनके इस दावे का पर्दाफाश कर डाला है। इस मामले में लारवाहों पर अब कार्यवाही होना तय माना है।

**ग्रामीण अंचल की आंगनबाड़ियां रहती हैं बंद**

जिले के अंतर्गत आने वाले पलेरा क्षेत्र सहित खरगापुर, बल्देवगढ़ के कई ग्राम ऐसे हैं, जहां आंगनबाड़ियों में पदस्थ सहायिका और कार्यकर्ता नहीं पहुंचती हैं। यहां लापरवाही देखने को मिलती है। अक्सर ग्रामों से ऐसी तस्वीरें सामने आती हैं जहां महीनों-महीनों आंगनबाड़ियों के ताले तक नहीं खोले जाते। लोगों के अनुसार इस ओर प्रशासनिक अमला ध्यान नहीं देता।

## आज होगी सहकारिता प्रशासन की बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आज 25 सितम्बर को उपायुक्त सहकारिता प्रशासक टीकमगढ़ की अध्यक्षता में 25 सितम्बर को दोपहर 2 बजे वन मण्डल कार्यालय मामौन दरवाजा टीकमगढ़ में जिला यूनियन टीकमगढ़ की वार्षिक साधारण सभा आमसभा की बैठक आयोजित की गई है।**

जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, टीकमगढ़ के समस्त प्रतिनिधियों को सूचित किया गया है कि उपायुक्त सहकारिता प्रशासक टीकमगढ़ की अध्यक्षता में आज दोपहर 2 बजे वन मण्डल कार्यालय मामौन दरवाजा टीकमगढ़ में जिला यूनियन टीकमगढ़ की वार्षिक साधारण सभा आमसभा की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में प्राथमिक वनोपज समितियों के जिला यूनियन हेतु निर्वाचित प्रतिनिधि सादर आमंत्रित हैं। बैठक की सारी तैयारी हो चुकी हैं।

## कलेक्टर ने कमिश्नर को घुमाया बल्देवगढ़ किला



**नवभारत न्यूज खरगापुर। बीते दिनों राज्यपाल के दौरे के बाद टीकमगढ़ के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय सागर संभाग के कमिश्नर एवं आईजी को लेकर बल्देवगढ़ किले पर पहुंचे जहां उन्होंने किले के बारे में उन्हें जानकारी दी और पूरे किले का निरीक्षण कराया।**

इस संबंध में कलेक्टर ने विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि कमिश्नर एवं आईजी को बल्देवगढ़ किले के बारे में अवगत कराया है।

उन्हें यह बताया है कि इस किले का इस जिले में कितना महत्व है। इतना ही नहीं इस किले की हाल में क्या स्थिति है। कमिश्नर एवं आईजी सागर ने किले को घूमकर लुत्फ उठाया। कमिश्नर अनिल सुचारी एवं आईजी हिमांगी खन्ना के साथ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, जिला पंचायत सीईओ नवीत ध्रुवे, बल्देवगढ़ एसडीएम श्रीमती भारती मिश्रा, तहसीलदार अनिल गुप्ता के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।